समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# क्षेत्रीय विकास और जनसमस्याओं पर उपमुख्यमंत्री से संवाद

राजेश चौधरी
Published on 28 Jan 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़
राजस्थान सरकार की उपमुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी जी से आज सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर राज्य के विकास से जुड़े अहम मुद्दों और क्षेत्रीय जनसमस्याओं पर सार्थक संवाद हुआ।

भेंट करने वालों में सादुलशहर विधायक श्री गुरवीर सिंह बराड़ जी, जमवारामगढ़ विधायक श्री महेंद्र पाल मीणा जी, लाडपुरा विधायक श्रीमती कल्पना देवी जी, कामां विधायक श्री नौक्षम चौधरी जी, पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री रामलाल शर्मा जी सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### क्षेत्रीय मुद्दों पर हुई विस्तार से चर्चा

बैठक के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित विकास कार्यों, अधोसंरचना, जनकल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन और आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं को उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जी ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया।

### जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद पर जोर

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से जमीनी स्तर की समस्याओं को समझकर समाधान की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है।

यह शिष्टाचार भेंट सरकार और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.